आइआइएम में आयोजित हुई अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी

जासं, रांची : आइआइएम रांची ने गवर्नेंस में निर्णय विज्ञान और नवाचार सम्मेलन पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के 16वें संस्करण का समापन किया। जिसमें चार दिनों के बौद्धिक आदान-प्रदान और सहयोगात्मक जुड़ाव की मेजबानी की गई। जिसका विषय 'वैश्वीकरण की पुनर्कल्पना की शक्ति' था। सम्मेलन में सभी आइआइएम, आइआइटी और अन्य शीर्ष प्रबंधन संस्थानों सहित 217 प्रतिष्ठित संस्थानों के 1078 योगदानकर्ताओं द्वारा लिखित 593 प्रस्तुतियां प्राप्त हुईं। कार्यक्रम में एसईएम, उन्नत माडलिंग और अनुसंधान उत्पादकता जैसे विषयों पर 5 सत्रों का समायोजन किया गया। मुख्य अतिथि गोइजुएटा बिजनेस स्कूल, एमोरी युनिवर्सिटी के प्रो. जगदीश शेठ और एडवेंट इंटरनेशनल के आपरेटिंग पार्टनर डी. शिवकुमार थे।

Dainik Jagran_30.12.2023 _pg. 04